>

Title: Issue regarding of land erosion in Gandak river causing flood in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): माननीय सभापति महोदय, पहली बार मौका देने के लिए मैं आपका आभारी हूं और आपको धन्यवाद देता हूं । मैं इस सदन के माध्यम से आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज, बिहार में भयंकर बाढ़ की ओर आकृष्ट कर रहा हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज, बिहार में एक बार फिर भयंकर बाढ़ आ गई है । जब नेपाल में लगातार बारिश होने लगती है, तब गण्डक नदी का जल स्तर भी तेजी से बढ़ता है । वाल्मीकि नगर बराज से कई लाख क्यूसेक जल छोड़ दिया जाता है । हमारे यहां गण्डक नदी के लगातार घटते-बढ़ते जल स्तर की वजह से बांध में कटाव तेज है । कटाव तेज होने की वजह से बांध की मिट्टी लगातार हर साल कटती रहती है । जब यह बांध टूट जाता है, तो करीब डेढ़ सौ गांवों के लाखों लोग प्रभावित होते हैं तथा हजारों की तादाद में लोग विस्थापित हो रहे हैं । पिछले कई सालों में लाखों लोगों के घर नदी में कटाव के कारण समाप्त हो गए । कल तक जहां गांव हुआ करता था,आज कई किलोमीटर में नदी की धारा बह रही है ।

इस संबंध में मेरा विनम्र आग्रह है कि उचित समय पर यदि बांध में बोल्डर लगा दिया जाए एवं किनारों को सीमेंटेड कर दिया जाए तो कटाव को रोका जा सकता है । ऐसा करने से करोड़ों रुपये सरकार का जो हर साल खर्च होता है, उस वित्तीय नुकसान से भी बचा जा सकता है ।